DSSSB TGT & PGT
दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड
ROJGAR WITH ANKIT
Part-B
SCHOLAR BATCH
संस्कृत
ऋग्वेद (शांति पाठ एवं संज्ञानम्)
LIVE
29-08-2024 05:00 PM

ऋग्वेद (शांति पाठ एवं संज्ञानम्)

स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवाः । स्वस्ति नः पूषा विश्ववेदाः ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमिः । स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु, इति ॥३॥

हिन्दी- (शान्ति के लिए द्वितीया ऋचा) वृद्धश्रवाः महात्माओं द्वारा (पुराणादि में) कहे गये और हमारे द्वारा सुने गये, इन्द्रः इन्द्र नामक देवता, नः हमारे लिए, स्वस्ति कल्याण को (सम्पादित) करें। विश्ववेदाः सभी को जानने वाले, पूषा पूषन्देव, नः हमारे लिए, स्वस्ति कल्याण (प्रदान करें)। अरिष्टनेमिः अहिंसास्थानीय, ताक्ष्यः ताक्ष्य (नामक देव, गरुड़), नः हमारे लिए, स्वस्ति क्षेम को (प्रदान करें)। वृहस्पतिः (ब्रह्मवर्चस् का पालन करने वाले) बृहस्पति देव, नः हमारे लिए, स्वस्ति दधातु कल्याण का सम्पादन करें ॥

सा० भा० - वृद्धैर्महात्मभिः सदा पुराणादिषु श्रूयत इति वृद्धश्रवाः । तादृश इन्द्रो नोऽस्माकं स्वस्ति दधात्वध्ययनश्रवणानुष्ठानार्थं क्षेमं सम्पादयतु। विश्वं वेत्ति जानातीति विश्ववेदाः । तादृशः पूषाऽपि नः स्वस्ति दधातु। अरिष्टमहिंसा तस्य नेमिस्थानीयः ।

यथा लोहमयी नेमिः काष्ठमयस्य चक्रस्य भङ्गाभावाय पालयत्येवमयं तार्थौ गरुडोऽपि सर्पादिकृतां हिंसां निवार्य तत्पालकत्वादरिष्टेनेमिः । तादृशस्तार्क्ष्यो नः स्वस्ति दधातु ।

वृहस्पतिश्च ब्रह्मवर्चसं परिपाल्य नः स्वस्ति दधातु । एतन्मत्रद्वयं शान्त्यर्थमादौ पठित्वा तन्मन्त्रद्वयेनाबीष्टकाद्वयमुपदध्यात् ।।

कल्पः - "आपमापामिति पञ्चभिर्महानाम्नीभिरुष्णोदकम्" इति । उपदधातीत्यनुवर्तते ।

संज्ञान

10.191. मंत्र (1,2,4) अनुष्टुप् । (3) त्रिष्टुप्

संज्ञानसूक्त ऋग्वेद-संहिता के दशम मण्डल का अन्यतम सूक्त माना जाता है इसमें केवल ४ मन्त्र हैं। प्रथम मन्त्र में अग्नि देवता की स्तुति करते हुए कहा गया है कि हे अग्निदेव ! तुम सभी उपासकों की इच्छापूर्ति करते हो। अतः हमारे लिए भी धन आदि अभिलषित पदार्थों को प्रदान करते रहो।

इस सूक्त के अवशिष्ट मन्त्रों में संज्ञान देवता की उपासना की गई है तथा एक ही साथ बातचीत करने, विरोध का त्याग करके साथ-साथ रहने तथा एक दूसरे से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने की कामना की गई है।

जिस प्रकार पुराकालीन हमारे पूर्वज आपस में सौमनस्यता का व्यवहार करते थे, उसी प्रकार आपसी क्रिया-कलाप करने की प्रार्थना की गई है। ऋत्विक् तथा यजमान के व्यवहार की भी एक समान होने की कामना इस सूक्त में की गई है। इस सूक्त को परस्पर ऐक्य भाव स्थापित करने वाला संगठन-सूक्त कहा जा सकता है।

संज्ञान-सूक्तम् (ऋ १०/१९१)

देवता-१ अग्नि, शेष-संज्ञान, छन्द-त्रिष्टुप् शेष अनुष्टुप् तृतीय

संसमिद्युवसे वृषन्नग्ने विश्वान्यर्य आ।
इळस्पदे सर्मिध्यसे स नो वसून्या भर ॥१॥

पदपाठ-सम्ऽसम्। इत्। युवसे। वृपुन्। आनें। विश्वर्वानि। अर्थः। आ। हुत्रः। पदे। सम्। डुध्यसे। सः। नः। वसूनि। आ। भर ॥१॥

सायण-भाष्य-हे वृषन् कामानां वर्षितः अग्ने अर्थः ईश्वरस्त्वम् 'अर्थः स्वामिवैश्ययोः' (पा०सू० ३।१।१०३) इति यत्प्रत्ययान्तो निपातितः।

'अर्थः स्वाम्याख्यायाम्' (फि०सू० १।१८) इत्यन्तोदात्तत्वम्। स त्वं विश्वानि सर्वाणि भूत- जातानि संसम्। 'प्रसमुपोदः पादपूरणे' (पा०सू० ८।१।६) इति समो द्विर्वचनम्। इच्छब्दोऽवधारणे। आ समन्तात् सं युवसे मिश्रयसि। देवेषु मध्ये त्वमेव सर्वांगि भूतजातानि वैश्वानरात्मना व्याप्नोषि। नान्य इत्यर्थः। किंच इळः इडायाः पृथिव्याः पदे स्थाने उत्तरवेदिलक्षणे। 'एतद्वा इळायास्पदं यदुत्तरवेदीनाभिः' (ऐ०ब्रा० १।२८) इति ब्राह्मणम्। तत्र त्वं समिध्यसे ऋत्विग्भिः संदीप्यसे। सः तादृशस्त्वं नः अस्माकं वसूनि आ भर आहर।

अन्वय- वृषन् अग्ने अर्यः विश्वानि आ संसम् इत् सम् युवसे इळस्पदे समिध्दले सः नः वसूनि आ भर।

शब्दार्थ - **वृषन्** = हे ! इच्छाओं की वर्षा करने वाले। **अग्ने** = हे अग्नि। **अर्य** = ईश्वर, स्वामी। **विश्वानि** = सम्पूर्ण को। **आ** = पूर्ण रूप से। **संसद्** = सम् उपसर्ग की आवृत्ति। **इत्** = निपात (पादपूरणार्थक) है। **सम्** = भली-भाौता **युवसे** = मिलाते हो। **इळस्पदे** = पृथिवी के स्थान पर, वेदि पर। **समिध्यते** = प्रज्ज्वलित किये जाते हो। **सः** = वह (तुम)। **नः** = हमारे लिये। **वसूनि** = पर्नें को। **आ भर** = ले जाओ।

अनुवाद - हे! इच्छाओं की वर्षा करने वाले (पूर्ण करने वाले) अग्नि देव! स्वामी (के रूप में तुम) सम्पूर्ण (प्राणि-समूह) को पूर्ण रूप से भली-भाँति मिलाते हो। येदि पर तुम प्रज्ज्वलित किये जाते हो। वह (तुम) हमारे लिए धनों को ले जाओ।

व्याकरण-संसम् = सम् उपसर्ग को दुहराया गया है। युवसे = मिश्रणामिश्रणयोः + लट् (आ०प०), म०पु०, ए०व०। समिध्यसे = सम् उपसर्ग इन्थ् + लट् लकार, भ०पु०, ए०व०, कर्मवाच्य। भर = भृ + लोट्, म०पु०, ए०व० (यहाँ 'हृग्रहोर्भस्छन्दसि' सू. रो रह के हकार को भकार हो गया है)। इळस्पदे = सायण इस शब्द का अर्थ 'पृथिवी के स्थान पर' करते हैं।

सङ्गच्छध्वं सं वदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।
देवा भागं यथा पूर्वे सञ्जानाना उपासते ॥२॥

पदपाठ-सम्। गच्छध्वम्। सम्। वृद्ध्वम्। सम्। वः। मनांसि। जानताम्। देवाः। भागम्। यथा। पूर्वे। सम्ऽजानानाः। उपऽआसते ॥२॥

सायण-भाष्य-हे स्तोतारः यूयं सं गच्छध्वम्। संगताः संभूता भवत। 'समो गम्युच्छि' इत्यादिना गमेरात्मनेपदम्। तथा सं वदध्वं सह वदत। परस्परं विरोधं परित्यज्यैकविधमेव वाक्यं ब्रूतेति यावत्। 'व्यक्तवाचां समुच्चारणे (पा०सू० १।३।४८) इति वदेरात्मनेपदम्।

वः युष्माकं मनांसि से जानताम्। समानमेकरूपमेवार्थमवगच्छन्तु। 'संप्रतिभ्यामनाध्याने' (पा०सू० १।३।४६) इति जानातेरात्मनेपदम्। यथा पूर्वे पुरातनाः देवाः संजानानाः ऐकमत्यं प्राप्ता हविर्भागम् उपासते यथास्वं स्वीकुर्वन्ति तथा यूयमपि वैमत्युं परित्यज्य धनं स्वीकुरुतेति शेषः।

अन्वय-सं गच्छध्वं सं वदध्वं वः मनांसि सं जानताम्। यथा पूर्वे देवाः संजानानाः भागम् उपासते।

शब्दार्थ - **सम्** = एक साथ। **गच्छध्वम्** = जाओ। **सम्** = एक साथ। **वदध्वम्** = बोलो। **वः** = तुम लोगों के। **मनांसि** = मना **संजानताम्** = साथ-साथ ज्ञान प्राप्त करें, समान ज्ञानयुक्त होवें। **यथा** = जिस प्रकार। **पूर्वे** = प्राचीन कालीन । **देवाः** = देवता लोग। **संजानानाः** = समान ज्ञान-युक्त होकर। **भागम्** = यज्ञ भाग को। **उपासते** = स्वीकार करते हैं।

अनुवाद - (हे स्तोतागण।) (तुम सब) एक साथ जाओ, एक साथ बोलो। तुम लोगों के मन साथ-साथ ज्ञान प्राप्त करें। जिस प्रकार प्राचीन कालीन देवगण समान ज्ञान से युक्त होकर (अपना-अपना) यज्ञ भाग स्वीकार करते हैं (उसी प्रकार तुम लोग भी एकमत होकर धन को स्वीकार करो)।

व्याकरण-गच्छध्वम् = गम् + लोट्, म०पु०, ब०व०, आ०प०। वदध्वम् = वद् + लोट्, म०पु०ब०व०, आ०प०। संजानताम् = सम् उपसर्ग + √ज्ञा + लोट् म०पु०, ब०व०, आ०प०। संजानाना + सम् उपसर्ग + √ज्ञा + शानच् प्रत्यय + ५०पु०, व०व०, आ० प०। उपासते उप उपसर्ग आस् + लट्, प्र० पु०, ब०व, आ०प०।

सुमानो मन्त्रः सर्पितिः समानी संमानं मनैः सह चित्तमेषाम् ।
समानं मन्त्रमुभि मंन्त्रये वः समानेनं वो हुविवां जुहोमि ॥३॥

पदपाठ-समानः मन्त्रः। सम्ऽईतिः। समानी। समानम्। मनैः। सह। चित्तम्। एषाम्। समानम्। मन्त्रम्। अभि। मन्त्रये। वः। समानेन । वः । हुविर्षा। जुहोमि ॥३॥

सायण-भाष्य-पूर्वोऽर्धर्चः परोक्षकृतः उत्तरः प्रत्यक्षकृतः। एषाम् एकस्मिन् कर्मणि सह प्रवृत्तानामृत्विजां स्तोतृणां वा मन्त्रः स्तुतिः शास्त्राद्यात्मका गुप्तमाषर्ष वा समानः एकविधोऽस्तु। तथा समितिः प्राप्तिरपि समानी एकरूपास्तु। 'केवलमामकः इत्यादिना समानशब्दात् ङीप् ।

उदात्तनिवृत्तिस्वरेण ङीप् उदात्तत्वम्। तथा मनः मननसाधनमन्तःकरणं चैषां समानम् एकविधमप्यस्तु । चित्तं विचारणं ज्ञानं तथा सह सहितं परस्परस्यैकार्थेनैकीभूतमस्तु । अहं च वः युष्माकं समानम् एकविधं मन्त्रम् अभिमन्त्रये। ऐकविध्याय संस्करोमि । यथा वः युष्माकं स्वभूतेन समानेन साधारखेन हविषा चरुपुरोडाशादिना अहं जुहोमि। 'तृतीया च होश्छन्दसि' (पा०सू० २०३१३) इति कर्मणि कारके तृतीया। वषट्कारेण हविः प्रक्षेपयामीत्यर्थः ।।३।।

अन्वय एषां मन्त्रः समानः, समितिः समानी, मनः समानम्, चित्तं सह। कः समानं मन्त्रं अभिमन्त्रये वः समानं हविषा जुहोमि।

शब्दार्थ - **एषाम्** = इनकी। **मन्त्रः** = स्तुति। **समानः** = समान, एक ही प्रकार की। **समितिः** = सभा, प्राप्ति। **समानी** = एक प्रकार की, समान विचारों वाली। **मनः** = मन। **समानम्** = एक ही प्रकार के। **चित्तम्** = हृदय, वैचारिक शक्ति। **सह** = संयुक्त, एक भाव से युक्त। **वः** = तुम लोगों की। | **समानम्** = एक ही प्रकार वाली, एक ही रूप वाली। **मन्त्रम्** = स्तुति को। **अभिमन्त्रये** = सम्बोधित करता हूँ। **वः** = तुम लोगों की। **समानम्** = एक समान। **हविषा** = हविष्य के द्वारा। **जुहोमि** = हवन करता हूँ।

अनुवाद - इनकी स्तुति एक ही प्रकार की हो, प्राप्ति एक ही प्रकार की हो। (इनका) मन एक ही प्रकार के विचारों वाला हो। इनकी वैचारिक शक्ति एक भाव से युक्त हो। (मैं) तुम लोगों की एक ही रूप वाली स्तुति को सम्बोधित करता हूँ। (तथा) तुम लोगों के लिए एक समान हविष्य के द्वारा हवन करता हूँ।

व्याकरण-समितिः = सम् उपसर्ग + √ इ क्तिन् प्रत्यय, प्र० एक व०। अभिमन्त्रये = अभि उपसर्ग मन्त्र लट्, उ०पु०, ए०व० (आ०प०)।

समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः ।
समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसुहासति ।।४।।

पदपाठ - समानी। वः। आऽकूतिः। समाना। हृदयानि । वः। समानम्। अस्तु। वुः। मनः। यथा। वः। सुऽसंह। असति ।।४।।

सायण-भाष्य-हे ऋत्विग्यजमानाः वः युष्माकम् आकूतिः संकल्पोऽध्यवसायः समानी एकविधोऽस्तु।

तथा वः युष्माकं हृदयानि समाना समानान्येकविधानि सन्तु। तथा वः युष्माकं मनः अन्तःकरणम् । प्रत्येकापेक्षया एक वचनम्। तदपि समानमस्तु। यथा वः युष्माकम् सुसह-शोभनं साहित्यम् असति-भवति तथा समानमस्त्वित्यन्वयः। अस्तेर्लटि 'बहुलं छन्दसि' इति शपो लुगभावः ।

अन्वय-वः आकूतिः समानी। वः हृदयानि समानाः। वः मनः समानम् अस्तु यथा वः सुसह असति।

शब्दार्थ - **वः** = तुम्हारा। **आकूतिः** = संकल्प, अध्यवसाय। **समानी** = एक रूप वाला, समान। **वः** तुम्हारे। **हृदयानि** = हृदय। **समानाः** = एक रूप वाले, समान मन। **समानम्** = एक प्रकार का। **अस्तु** = हो जाय। तुम्हारे। **मनः** = मन। **यथा** = जिससे, जिस प्रकार। **सुसह** = शोभन साहित्य, सुन्दर साथ। **असति** = हो जाये, हो सके।

अनुवाद- (हे ऋत्विज़ और यजमानों) तुम्हारा सङ्कल्प एक रूप वाला होवे। तुम्हारे हृदय एक रूप वाले हों। तुम लोगों का मन एक प्रकार का हो जाये, जिस प्रकार (कि) तुम्हारा सुन्दर साथ हो जाये।

वाच्य

कर्तृ — कर्ता

कर्म — कर्म

भाव — भाव प्रधान

कर्तृवाच्य — रामः पुस्तकं पठति । (1|2|1) + क्रिया

प्रथमा द्वितीया

कर्मवाच्य — रामेण ग्रन्थः पठ्यते । (3|1|1)

कर्म प्रधानता

वाच्य बालिका फलानि खादति । कर्तृ

बालिकाः फलानि खादन्ति । 3 (1) (1)

1 2 1 छात्राः ग्रन्थान् पठन्ति ।

3 1 1 छात्रैः ग्रन्थाः पठ्यन्ते ।

(3) 3 1 1 रजकेन वस्त्राणि क्षाल्यन्ते

रजकः वस्त्राणि क्षालयति

(3 1) (4) बालकेन सुप्यते ।

भाव

2 PM Sat

8 AM Sun

मयूराः नृत्यन्ति ।

कर्तृ क्रिया

(सकर्मक) (अकर्मक)

कर्म भाव

(3,1) मयूरैः नृत्यते ।

प्रथमा   प्रथमा बहु:   प्रथम बहु:

बालका: ग्रन्थान् पठन्ति ।

बालक ग्रन्थ को पढते हैं ।

कर्म.   बालकै: ग्रन्था: पठ्यन्ते